# 169596 - वेबसाइट ओडेस्क (odesk) के साथ काम करने का हुक्म

**प्रश्न**

क्यावेबसाइट ओडेस्क (odesk) के साथ काम करना संभव है, यह ज्ञान में रखते हुए कि यह साइट विभिन्न सेवाओं के लिए पैसे देती है।

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

यह वेबसाइट घंटों की संख्या के अनुसार वेतन, या हर काम पर एक निश्चित वेतन के मुक़ाबले में घर पर काम करने के लिए नौकरियां प्रदान करती है, जैसे कि वेबसाइट या बैनर की डिज़ाइनिंग में काम करने, या प्रोग्रामिंग, या अनुवाद, या लेखों के लेखन में काम के लिए। और इसमें कुछ भी गलत नहीं है जब तक कि अपेक्षित कार्य वैध है।

इसी तरह यह साइट एक दोस्त को आमंत्रित करने पर 50 डॉलर भी देती है, बशर्ते कि उसने साइट पर 1000 डॉलर अर्जित किया हो अर्थात उसने साइट पर कोई काम किया हो और यह राशि प्राप्त किया हो, या उसने 1000 डॉलर साइट के लिए भुगतान किया हो, इस प्रकार कि उसने कुछ काम के लिए अनुरोध किया हो और उसके बदले में यह शुल्क भुगतान किया हो।

इसमें भी कोई आपत्ति की बात नहीं है, क्योंकि यह ब्रोकिंग के अध्याय से है, बशर्ते कि जिस दोस्त को आमंत्रित किया गया है उसका काम अनुमत (वैध) हो।

एक फोरम में जो कुछ कहा गया है, उसके अनुसार हम इस साइट के काम की प्रकृति के संबंध में इन्हीं बातों से अवज्ञत हुए हैं।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।